Central University Himachal Pradesh Non-Teaching Staff Association
(Established under the Himachal Pradesh Societies Registration Act,2006)

प्रेस विज्ञप्ति

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय शिक्षकेतर संघ की तीसरी आम सभा का सफलता पूर्वक आयोजन

09 अगस्त **2022** को हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय शिक्षकेतर संघ (Central University Himachal Pradesh University Non-Teaching Staff Association) की तीसरी आम सभा **(General House)** की बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-1 के सभागार में हुआ | सर्वप्रथम शिक्षकेतर संघ के अध्यक्ष श्री मुनीष वशिष्ठ ने सभी सदस्यों का सभा में भारी संख्या में पंहुचने के लिए धन्यवाद और आभार प्रकट किया | आम सभा में शिक्षकेतर संघ के **60** सदस्यों में से **41** सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की | जिनमे श्री मनीष वशिष्ट-उपाध्यक्ष, श्री पंकज कुमार-कोषाध्यक्ष , श्री अमित कुमार –संयुक्त सचिव , श्री अजय कुमार – सचिव (आईटी सेल) , श्री संजीव राणा –सहायक कुलसचिव , श्री शुएब खान, श्री विपिन उपाध्याय , श्री नरेंदर जम्वाल ,श्री मोहित लाम्बा , श्रीमति अनुपमा गुलेरिया , श्रीमति आपूर्ति अवस्थी , श्रीमति दीपिका कार्की , श्रीमति आशिमा आदि देहरा, शाहपुर और धर्मशाला परिसर के कर्मचरियों ने भाग लिया |

आम सभा में छः **(06) Resolutions** रखे गए जिनका सर्वसहमति से सभा में पारित कर दिया गया | जिनमे मुख्यता: पिछली आम सभा और कार्यकारी परिषद के कार्यवृत को सहमति प्रदान की गई और शिक्षकेतर संघ द्वारा विश्वविद्यालय के साथ किए गए सार्थक कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसका सभा के सभी सदस्यों ने सराहना की | सदस्यों ने अपने बहुत से मामलो को सभा पटल में बहुत गर्म जोशी से उठाया जिसमे मुख्यता भारत सरकार के नियमों के अनुसार **Implementation of Transfer and Rotation Policy** को विश्वविद्यालय में लागू करवाना जिससे दूसरे कर्मचारियों को भी अलग-अलग विभागों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त हि सके ताकि विश्वविद्यालय की कार्य क्षमता को बढ़ाया जा सके | विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकेतर संघ द्वारा प्रस्तुत **Memorandum** के ऊपर वांछित कार्रवाई न होने के सन्दर्भ में रोष प्रकट किया और आम सभा के सदस्यों ने शिक्षकेतर संघ के कार्यकारी परिषद के सदस्यों को कुलपति महोदय से तुरंत एक बैठक करके कर्मचारियों के सभी मामलों को शीघ्र अति शीघ्र हल करने हेतु आहवान किया |

सभा का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ पारित हुआ |